19/07/2024
हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

देहरादून
शुक्रवार
19 जुलाई 2024
07

## 'चरागों के शहर में अंधेरे का' विमोचन

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एमएन नौडियाल की काव्य कृति 'चरागों के शहर में अंधेरे का' प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी और दून विवि की कुलपति डॉ. सुरेखा डंगवाल ने देहरादून में विमोचन किया। कहा कि यह कृति भावी समाज का दर्पण है। कहा कि शिक्षकों को शिक्षण कार्य के साथ ही पुस्तक लेखन का कार्य भी करना चाहिए।

---

19/07/2024
अमर उजाला

अमर उजाला
देहरादून | शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
3

## चरागों के शहर में अंधेरे काव्य कृति का विमोचन

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एमएन नौडियाल की काव्य कृति 'चरागों के शहर में अंधेरे' का विमोचन बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लोक गायक व साहित्यकार नरेंद्र सिंह नेगी व कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में किया। इस मौके पर लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी ने काव्य कृति को भावी समाज के लिए दर्पण बताया। कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने डॉ. नौडियाल की काव्य प्रतिभा की सराहना की। मौके पर डॉ. नौडियाल ने काव्य कृति के कुछ अंशों का पाठ कर साहित्य, काव्य, लेखन एवं समाज के अंतर्संबंधों को रखा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रो. डीआर पुरोहित, दिनेश शास्त्री, गिरीश सुंदरियाल आदि मौजूद रहे। संवाद

दिनांक - 06-06-2024

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com देहरादून, गुरुवार, 6 जून 2024 06

## देवप्रयाग में गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई

देवप्रयाग/नरेंद्रनगर। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में पर्यावरण प्रकोष्ठ और नमामि गंगे की ओर से बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी और छात्र-छात्राओं को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई। देवप्रयाग महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में पर्यावरण के मुद्दे पर चर्चा के बाद पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लिया गया। महाविद्यालय में पौधरोपण कर श्रमदान किया गया।

दिनांक 06-06-2024

अमर उजाला गढ़वाल देहरादून | बृहस्पतिवार, 6 जून 2024 9

## पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

देवप्रयाग/थराली/कर्णप्रयाग/गौचर/गैरसैंण/नारायणबगड़। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में विश्व पर्यावरण दिवस पर नमामि गंगे और पर्यावरण प्रकोष्ठ की ओर से प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस मौके पर पर्यावरण प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. रंजू उनियाल, डॉ.यतिन काला, डॉ. रश्मि व नमामि गंगे सदस्य डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ. पारुल रतूड़ी मौजूद थे। वहीं अजीम प्रेम संगठन के सदस्यों ने पौधे रोपे। कार्यक्रम में कमलेशचंद नैथानी, दिनेश उनियाल, रोहित बहुगुणा आदि मौजूद थे। वहीं थराली में नगर पंचायत और वन विभाग थराली ने रैली का आयोजन किया गया। वहीं कोर्ट परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सिविल जज देवांश राठौर ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से सुरक्षा के लिए पौधरोपण आवश्यक है। वहीं गौचर में भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस 8वीं वाहिनी ने, कर्णप्रयाग में कोर्ट परिसर में, गैरसैंण के विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण में पौधरोपण किया गया। देवाल, नारायणबगड़ और गौचर में भी कार्यक्रम हुए। संवाद

दिनांक 30-5-2024

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

देहरादून, गुरुवार, 30 मई 2024 06

## समिति ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

देवप्रयाग। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की समिति ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में सत्र 2024-25 की संबद्धता विस्तारीकरण को लेकर निरीक्षण किया। समिति ने संयोजक कला प्रो. महंत मौर्य एवं संयोजक विज्ञान प्रो. योगेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय का भौतिक निरीक्षण करते हुए सभी प्रपत्रों की जांच की।

दिनाँक - 30-05-2024

अमर उजाला गढ़वाल

amarujala.com

देहरादून | बृहस्पतिवार, 30 मई 2024 9

## कॉलेज की संबद्धता के विस्तारीकरण के लिए समिति ने किया निरीक्षण

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय की संबद्धता विस्तारीकरण के लिए श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की छह सदस्य जांच समिति ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया।

बुधवार को निरीक्षण समिति ने संयोजक (कला) प्रो. महंत मौर्य एवं संयोजक (विज्ञान) प्रो. योगेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया व सभी प्रपत्रों की जांच की। महाविद्यालय में संबद्धता के नोडल अधिकारी डॉ. एमएन नैडियाल द्वारा समिति के सदस्यों को सभी दस्तावेजों व भौतिक सामग्री की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने समिति को महाविद्यालय का भ्रमण करवाया व संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

निरीक्षक समिति में डॉ.. प्रताप सिंह बिष्ट, डॉ. वंदना, डॉ. अरविंद मोहन पैन्यूली, डॉ. शालिनी रावत, प्रो. एन सिंह, एई यतेन्द्र सिंह रावत शामिल थे। संवाद

दिनांक - 24/5/2024

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com देहरादून, शुक्रवार, 24 मई 2024 05

## देवप्रयाग में जैव विविधता बढ़ाने पर दिया जोर

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में गुरुवार को नमामि गंगे समिति के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने जैव विविधता को बढ़ाने को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नामामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार और डॉ. दिनेश कुमार टम्टा ने प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल को लेमन ग्रास का पौधा भेंट किया।

amarujala.com
देहरादून | बृहस्पतिवार, 9 मई 2024
6

Youth

# एमएससी की पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है शहर

## छात्रों को लगाने पड़ते हैं ऋषिकेश, देहरादून और श्रीनगर के चक्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की स्थापना के चार दशक बाद भी एमएससी की कक्षाओं का संचालन शुरू नहीं हो पाया है, जिससे छात्रों को एमएससी की पढ़ाई के लिए ऋषिकेश 70, देहरादून 105 या श्रीनगर करीब 30 किमी दूर शहर जाना पड़ता है।

उच्च शिक्षा अभियान

वर्ष 1983 में क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए समाजसेवी स्व. चक्रधर जोशी द्वारा देवप्रयाग नगर के लोणासैंण में 11 एकड़ भूमि पर डिग्री कॉलेज की नींव रखी गई थी, लेकिन चार दशक बाद भी कॉलेज में एमएससी की कक्षाओं का संचालन शुरू नहीं हो पाया है। वर्तमान में कॉलेज में कला वर्ग के लिए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, भूगोल और समाजशास्त्र है, जबकि एमए में मात्र हिंदी, राजनीतिशास्त्र और अर्थशास्त्र है।

### चार दशक बाद भी डिग्री कॉलेज में शुरू नहीं हो पाई कक्षाएं

इसके अलावा वर्ष 2017 में बीएससी खुलने के बाद जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित विषय है। क्षेत्र के विनोद टोडरिया ने कहा कि छात्राओं के हितों को देखते हुए एमए स्तर पर और अधिक विषय की पढ़ाए जाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद जुयाल का कहना है कि डिग्री कालेज में एमए और बीएससी की कक्षाएं शुरू करवाई गई थी, लेकिन आज तक एमएससी शुरू नहीं हो पाई है। इसके लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल का कहना है कि एमएससी कक्षाओं के संचालन को लेकर स्वीकृति नहीं है। फिलहाल इस संदर्भ में कोई प्रस्ताव भी शासन को नहीं गया है।

# नृत्य में शालिनी, वेदना, संजना, मनीषा और सलोनी रहीं अव्वल

## देवप्रयाग महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

देवप्रयाग, संवाददाता। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग का वार्षिक समारोह बीते दिन को छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

वार्षिक समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने किया। कार्यक्रम में ईशा, शालिनी, वंदना और काजल ने मनमोहक गढ़वाली लोकगीत नृत्य प्रस्तुत किया। कविता लेखन में प्रथम रहे ऋषभ ने अपनी विजेता कविता का पाठ किया। जबकि तुषार ने मधुर एकल गीत प्रस्तुत किया। एकल गायन में तुषार, काजल और सुखदेव विजेता रहें। एकल नृत्य में शालिनी, वंदना रावत, किरण, सामूहिक नृत्य में मनीषा, सलोनी, संजना, तानिया, किरण और अंकित को पुरस्कृत किया गया।

फैंसी ड्रेस में शिवानी, चांदनी, वंदना और कविता लेखन में ऋषभ, गीतिका और समीक्षा को पुरस्कृत किया गया। वहीं 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ऋषभ नेगी, शाहिल चंद, साहिल, बालिका वर्ग में शीला, वंदना और काजल, 200 मीटर बालक वर्ग में शाहिल चंद, प्रियांशु प्रभात, साहिल और बालिका वर्ग में शीला, काजल वंदना, 400 मीटर बालक वर्ग में साहिल, प्रियांशु प्रभात और सौरभ, 800 मीटर बालक वर्ग में साहिल, प्रियाशु प्रभात और शाहिल चंद, गोला फेंक बालक वर्ग में अरविंद सिंह, साहिल व आकाश नेगी, बालिका वर्ग में शिवानी, काजल और शीला। चक्का फेंक बालक वर्ग में अरविंद, संदीप, साहिल और बालिका वर्ग में काजल, शिवानी व शीला, भाला फेंक बालक में साहिल चंद विजयी रहे।



राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के वार्षिकोत्स में बीते सोमवार को आयोजित लोकगीत और लोकनृत्य प्रतियोगिता के विजेता ट्रॉफी के साथ। • हिन्दुस्तान

## वॉलीबॉल में युद्धाज और स्पीकर्स टीम विजेता

नई टिहरी। टीएचडीसी हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज भागीरथीपुरम में विगत दिवस आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में टीम युद्धाज और बालिका वर्ग में टीम स्पीकर्स विजेता बनी। संस्थान के खेल संयोजक अतुलेश डबराल ने बताया कि प्रतियोगिता के बालक वर्ग में टीम युद्धाज ने फालेन क्राउन को 25-18 से, जबकि बालिका वर्ग में टीम स्पीकर्स ने टीम ट्वीस्टर को 21-18 से हराकर खिताब जीता। विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

# प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत किए गए



देवप्रयाग । राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 16 से 31 मार्च तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में महाविद्यालय में विभिन्न क्रीड़ा, निबंध, चित्रकला, स्लोगन एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं की गई थी। प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्वच्छता पखवाड़ा की निबंध प्रतियोगिता में ऋषभ नेगी ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, रूक्मा ने तृतीय, चित्रकला में मुस्कान ने प्रथम, कविता द्वितीय एवं अमीषा चौहान तृतीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में उन्नति शर्मा प्रथम, प्रिया द्वितीय रही। संवाद

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
देहरादून, शनिवार, 13 अप्रैल 2024
04

# निबंध में ऋषभ, स्लोगन में उन्नति ने बाजी मारी

देवप्रयाग, संवाददाता। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

जल शक्ति मंत्रालय की ओर से बीते 16 से 31 मार्च तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में महाविद्यालय मे विभिन्न क्रीड़ा, निबंध, चित्रकला, स्लोगन एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं की गयी थी। प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वच्छता पखवाड़ा की निबंध प्रतियोगिता में ऋषभ नेगी ने प्रथम, प्रिया द्वितीय, रुकमा ने तृतीय, चित्रकला में मुस्कान प्रथम, कविता द्वितीय एवं अमीषा चौहान तृतीय रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में उन्नति शर्मा प्रथम, प्रिया द्वितीय रहीं। एकल गायन में काजल प्रथम व सुखदेव द्वितीय रहे। एकल नृत्य में शालिनी जीती।



शुक्रवार को देवप्रयाग महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते शिक्षक। • हिन्दुस्तान

अमर उजाला दिनांक 27/03/2024 बुधवार







राजकीय महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी। संवाद

# ऋषम, मुस्कान और उन्नति ने मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की षहल पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नमामि गंगे विषय पर निबंध, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

मंगलवार को आयोजित निबंध प्रतियोगित में ऋषभ नेगी ने प्रथम, प्रिया द्वितीय एवं रूक्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चित्रकला में मुस्कान, कविता एवं अमीषा चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन में उन्नति शर्मा प्रथम एवं प्रिया द्वितीय रही। प्रतियोगिताओं में सफल रहे प्रतिभागियों को 30 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।



देवप्रयाग संगम में आरती करते राजकीय महाविद्यालय के छात्र। संवाद

# रैली से मां गंगा को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत चला अभियान, मां गंगा की आरती की गई**

**देवप्रयाग।** गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने की अपील की। इस दौरान छात्रों ने गंगा तट पर सफाई अभियान चलाकर मां गंगा की आरती भी की।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अगुवाई में कॉलेज परिसर से शुरू हुई रैली संगम तट पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्रों ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से लोगों से गंगा को स्वच्छ एवं साफ रखने का संदेश दिया।

छात्र-छात्राओं ने गंगा तट पर फेंके गए कचरे कूड़े को हटाया। बाद में गंगा निर्मलीकरण की कामना को लेकर मां गंगा की आरती की गई। इस मौके पर नमामि गंगे प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. सोनिया, डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ. दिनेश सिंह नेगी, डॉ. सृजना राणा, डॉ. प्रियंका, डॉ. यतिन काला, दीपक चौहान, टीका राम, नरेंद्र बकराडी, अर्जुन, सूरज आदि मौजूद रहे।

**गोपेश्वर।** नमामि गंगें प्रकोष्ठ की ओर से पीजी कॉलेज गोपेश्वर में आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़े का समापन हो गया। नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. भालचंद्र नेगी ने कहा कि गंगा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना होगा।



गंगा स्वच्छता अभियान के तहत छात्राओं को ट्रॉफी देते प्राचार्य कुलदीप नेगी। संवाद

इस दौरान प्राचार्य प्रो. कुलदीप नेगी, प्रो. चंद्रावती जोशी, प्रो. एमके उनियाल, डॉ. मनीष कुकरेती, डॉ. रमाकांत यादव, डॉ. सुनील भंडारी, डॉ. भावना मेहरा, अवंतिका गड़िया, छात्र संघ अध्यक्ष आयुष गौड़ आदि मौजूद रहे।

**थलीसैंण।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थ गंगा विषय पर व्याख्यान हुआ। कहा की गंगा में हाट बनाकर, औषधीय पौधे व आयुर्वेदिक़ उत्पादों से बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य वक्ता ईडीआई अहमदाबांद के सुधीर परमार व हिमालय राठौर ने जैविक खेती करने पर जोर दिया गया है।

दिनांक 23/03/2024



हि हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

## स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर की मां गंगा की सफाई

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के छात्र-छात्राओं ने गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत देवप्रयाग तहसील से संगम तट तक जन जागरूकता रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने गंगा तट पर सफाई अभियान चलाकर मां गंगा की निर्मलता की कामना करते हुए विराट आरती भी की। शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अगुवाई में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली।

दिनांक - 22/3/2024

अमर उजाला गढ़वाल युवा

amarujala.com

देहरादून | शुक्रवार, 22 मार्च 2024



# गोला में अरविंद, भाला फेंक में आकाश जीते

संवाद न्यूज एजेंसी



देवप्रयाग में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र। संवाद

देवप्रयाग। गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई।

गोला फेंक में अरविंद ने पहला, साहिल ने दूसरा और आकाश ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि भाला फेंक में आकाश नेगी प्रथम, शेखर रावत द्वितीय व अरविंद तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में ऋषभ नेगी ने पहला, तुषार कुमार ने दसूरा व आकाश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कैरम में चांदनी विजेता व ऋषभ उप विजेता रहे। शतरंज में ऋषभ कुमार विजेता रहे। चक्का फेंक प्रतियोगिता में अरविंद प्रथम, सौरभ द्वितीय व साहिल तृतीय रहे। सभी विजय प्रतिभागी छात्रों को 30 मार्च को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। नमामि गंगे समिति के सदस्य डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ. सोनिया, डॉ. प्रियंका व प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना मौजूद रहे।

दिनांक - 22/3/2024

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

देहरादून, शुक्रवार, 22 मार्च 2024 06

# शतरंज में ऋषभ और कैरम में चांदनी ने मारी बाजी

देवप्रयाग, संवाददाता। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में विभिन्न खेल प्रतियोगियाओं का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी 30 मार्च को सम्मानित किया जाएगा।

गुरुवार को देवप्रयाग महाविद्यालय में नमामि गंगे समिति के सदस्य डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ. सोनिया, डॉ. प्रियंका व प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के गोला फेंक में अरविंद, साहिल व आकाश, चक्का फेंक में अरविंद, सौरभ व साहिल, भाला फेंक में आकाश नेगी, शेखर रावत व अरविंद, 100 मीटर दौड़ में ऋषभ नेगी, तुषार कुमार व आकाश ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कैरम में चांदनी विजेता व ऋषभ उप विजेता रहे। शतरंज में ऋषभ कुमार विजेता रहे। आयोजन में डॉ. रंजू उनियाल, डॉ. दिनेश सिंह नेगी, डॉ. यतिन काला, डॉ. रश्मि, नरेंद्र, दिनेश बलूनी, सूरज आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दिनांक 18/3/2024 मार्च

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

देहरादून, सोमवार, 18 मार्च 2024 06

# देवप्रयाग में गंगा स्वच्छता को लेकर रैली निकाली



रविवार को देवप्रयाग में गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

देवप्रयाग,संवाददाता। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के गंगा स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत हुई। पखवाड़े के तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया।

नमामि गंगे प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार ने छात्र-छात्राओं को गंगा स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत महाविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. लीना पुंडीर ने छात्र-छात्राओं को गंगा को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त करने की शपथ दिलायी। तुणगी गांव में छात्र-छात्राओं ने गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को गंगा की स्वच्छता बनाए रखने का आहवान किया।

रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश टम्टा, डॉ. प्रियंका, छात्र संघ अध्यक्ष गौरव सिंह, नरेंद्र बकराडी, दिनेश बलूनी, अर्जुन, सूरज आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com देहरादून, शनिवार, 9 मार्च 2024 07



डिग्री कॉलेज देवप्रयाग में शुक्रवार को महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। • हिन्दुस्तान

# डिग्री कॉलेज देवप्रयाग में महिला उत्सव मनाया गया

**महिला दिवस**

देवप्रयाग, संवाददाता। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में महिला उत्सव मनाया गया।

वभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में हुए उत्सव में छात्राओं ने विशेष भागीदारी की। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक भौतिकी डॉ. पारुल रतूड़ी ने कहा कि आज के दौर में महिलायें मानसिक व आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर हैं। चुनौतियों का हंसकर सामना करने वालीं महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। महिलाओं को केवल जागरूक होने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने कहा कि आज की नारी मजबूरियों को पीछे छोड़ के अपना मनोवल मजबूत करके तथा खुद को बेहतर सिद्ध करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं। साथ ही अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करके कामयाबी के नित्य नए कीर्तिमान हासिल कर रही है। मौके पर छात्र-छात्राओं ने महिला जागृति से जुड़े गीतों व कविताओं का भी पाठ किया।

7/3/24

# महाविद्यालय देवप्रयाग में आज आपदा प्रबंधन पर एक गोष्ठी का किया गया आयोजन

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत

देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज आपदा प्रबंधन पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए डॉ. मोहन कोला, सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) ने बताया कि आपदाएं प्राकृतिक या मानवीय खतरों के परिणाम हैं।

वास्तव में वर्तमान खतरा प्राकृतिक आपदाओं से उतना नहीं है, जितना मानव निर्मित आपदाओं से है। डॉ. रश्मि, सहायक प्राध्यापक (भूगोल) ने आपदा प्रबंधन का अर्थ बताते हुए उसके जोखिम को







कम करने के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला जैसे आपदा से पूर्व की तैयारी, आपदा के समय और आपदा के बाद की तैयारी। उन्होंने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट कैसे आपदा प्रबंधन पर काम कर रही है ये जानकारी भी छात्र-छात्राओं से साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने कहा की आपदा प्रबंधन का अर्थ है कि ऐसे सभी उपाय किए जाने चाहिए जिससे खतरा आपदा का रूप न ले सके। चूंकि, हम कई प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते हैं, लेकिन जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा उनके हानिकारक प्रभावों को कम कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. सोनिया, डॉ. पारुल, डॉ. प्रतीक गोयल एवं डॉ. दिनेश नेगी मौजूद रहे।

# भारतीय नारी मजबूरियों को पीछे छोड़ खुद को बेहतर सिध्द करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं: प्राचार्या प्रों प्रीति कुमारी

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में आज विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. पारुल बहुगुणा, सहायक प्राध्यापक (भौतिकी विज्ञान) ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं मानसिक, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना बेहतर प्रदर्शन कर रही








हैं। महिलाओं को शिक्षित जागरूक होने की आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने कहा कि आज की भारतीय नारी मजबूरियों को पीछे छोड़ के अपना मनोबल मजबूत करके तथा खुद को बेहतर सिध्द करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करके कामयाबी के नित्य नए कीर्तिमान हासिल कर रही हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में 'सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कैसे करें' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

March 7, 20[illegible]








ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज दिनाँक 7.3.24 को 'सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कैसे करें' विषय पर छात्र-छात्राओं को आई.क्यू.ए.सी. एवं करियर एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।मुख्य वक्ता डॉ प्रतीक गोयल , सहायक प्राध्यापक ( गणित) ने यूपीएससी परीक्षा पैटर्न, यूपीएससी परीक्षा पाठ्यक्रम, यूपीएससी अंकन योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।उन्होंने बताया की यूपीएससी 3 चरणों में परीक्षा आयोजित करता है यानी प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू । एक बार छात्र-छात्रायें बेसिक्स मजबूत कर लें, तो प्रत्येक पेपर के लिए मानक किताबें पढ़ें। तैयारी का अगला चरण अभ्यास होगा।उत्तर लेखन का अभ्यास सुनिश्चित करें कि आप CSAT के लिए उचित समय दे रहे हैं, जो कि क्वालिफाइंग प्रकृति का है, जिसमें आपको मेन्स के लिए क्वालिफाई करने के लिए 66 से अधिक अंक प्राप्त करने होते हैं।इसलिए, तैयारी का सबसे अच्छा स्रोत मॉक टेस्ट और टेस्ट सीरीज़ हो सकते हैं। तो, एक अच्छी टेस्ट श्रृंखला में शामिल हों जो आपको जीएस पेपर और सीएसएटी की तैयारी में मदद करेगी।उन्होंने बताया की प्रीलिम्स और मेन्स दोनों के लिए रणनीति पर केंद्रित अध्ययन की आवश्यकता है। यूपीएससी प्रीलिम्स और मेन्स दो एक-दूसरे से बहुत अलग नहीं हैं, यह सिर्फ अध्यायों का एक बड़ा ओवरलैप है।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी ने कहा कि उम्मीदवारों को यूपीएससी प्रारंभिक और मुख्य दोनों के लिए एकीकृत तैयारी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अपनी ताकत और कमजोरियों के अनुसार योजना बनाने से छात्र-छात्राओं को फायदा होगा ।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ लीना पुंडीर , डॉ पारुल रतूड़ी , डॉ दिनेश नेगी एवं श्री नरिंद्र और श्री सूरज ने विशेष योगदान दिया ।

# देवप्रयाग में ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान पर हुई संगोष्ठी



March 3, 2024

**ख़बर शेयर करें -**

देवप्रयाग : ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. शनिवार को हुए इस संगोष्ठी में मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद इलियास ने छात्र /छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तथा चुनावी प्रक्रिया में मतदाता की भागीदारी किसी भी लोकतंत्र को सफलतापूर्वक चलाने के लिए महत्वपूर्ण हिस्सा होता है.इसलिए मतदाता जागरूकता चुनाव प्रबंधन में खास महत्व रखती है। निष्पक्ष एवं भय युक्त चुनाव कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को मिले संवैधानिक आदेश के तहत यह अपेक्षा की जाती है कि प्रत्येक योग्य भारतीय का नाम मतदाता सूची में हो और स्वेच्छा से वह अपना मतदान करें। डॉक्टर रंजू उनियाल ने संविधान के बारे में बताते हुए कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक वयस्क भारतीय को उसके लिंग, औपचारिक शिक्षा , सामाजिक , आर्थिक स्थिति या जगह पर विचार किए बिना मत देने का अधिकार देता है और हर मत का मूल्य एक समान है।डॉक्टर सोनिया ने बताया कि चुनाव के द्वारा ही आधुनिक लोकतंत्रो के लोग विधायिका और कभी-कभी न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के विभिन्न पदों पर आसीन होने के लिए व्यक्तियों को चुनते हैं। डॉक्टर सृजना राणा ने मतदान जागरूकता के तरीके पर जानकारी देते हुए बताया कि मतदान की तीन प्रविधियां मुख्य है : गुप्त मतदान ,कान में कहकर मत प्रकट करने की प्रविधि तथा खुला मतदान के बारे में बताया। डॉक्टर प्रियंका ने छात्र/छात्राओं को मतदान के बारे में बताते हुए चुनाव के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला । इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक ,कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे.

Contd. →

Contd.



कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर की जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया |कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एम•एन. नौड़ियाल तथा डॉक्टर सृजना राणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। एकल गायन में तुषार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान काजल ने तथा तृतीय स्थान सुखदेव ने प्राप्त किया ।एकल नृत्य में प्रथम स्थान शालिनी ने , द्वितीय स्थान वंदना रावत ने एवं तृतीय स्थान किरण ने प्राप्त किया ।सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान मनीषा व सलोनी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान संजना एवं तानिया ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान किरण और अंकित ने प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी सजवान ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान चाँदनी ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान वंदना ने प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ऋषभ ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान गीतिका ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान समीक्षा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति के सदस्यों,महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा महाविद्यालय के कर्मचारी गणों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य के आशीष वचनों द्वारा किया गया।

CS

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

देहरादून, शुक्रवार, 1 मार्च 2024 10


# खेल प्रतियोगिता में ऋषभ और शीला दौड़े सबसे तेज

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

देवप्रयाग महाविद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता के क्रीड़ा समिति नोडल अधिकारी डॉ. एनएन नौडियाल ने विजेताओ की घोषणा की। जिसमें 100 मी. दौड़ बालक वर्ग में ऋषभ नेगी, शाहिल चंद, साहिल व बालिका वर्ग में शीला, वंदना एवं काजल, 200 मी. दौड़ बालक वर्ग में शाहिल चंद, प्रियांशु प्रभात, साहिल व बालिका वर्ग में शीला, काजल व वंदना प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहीं। 400 मी. दौड में साहिल, प्रियांशु प्रभात व सौरभ, 800 मी. दौड़ में साहिल, प्रियांशु प्रभात शाहिला चंद क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। गोला फेंक बालक वर्ग में अरविंद सिंह, साहिल व आकाश नेगी तथा बालिका वर्ग में शिवानी सजवाण, काजल व शीला प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। चक्का फेंक बालक वर्ग में अरविंद सिंह. संदीप खवास, साहिल व बालिका वर्ग में काजल, शिवानी व शीला प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। भाला फेंक बालक वर्ग में साहिल चंद, अरविंद सिंह, साहिल एवं बालिका वर्ग में काजल, शिवानी एवं वंदना प्रथम, द्वितीय तृतीय रहे।

# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए

February 29, 2024



ख़बर शेयर करें -

देवप्रयाग : गुरूवार को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में श्रृंखला के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम परिषद की नोडल डॉक्टर अर्चना धपवाल के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया गया ।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न

28 February 2024



टिहरी गढ़वाल 28 फरवरी। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।प्रथम दिवस में 100 मी0 दौड़, 200 मी० दौड़, 400 मी० दौड़ ,800 मी० दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, लम्बी कूद, ऊँची कूद तथा द्वितीय दिवस में बैडमिंटन, वॉलीबाल, शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं के नाम इस प्रकार रहेः 100 मी० दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः ऋषभ नेगी, शाहिल चंद, साहिल तथा बालिका वर्ग में शीला, वंदना एवं काजल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।200 मी० दौड़ में बालक वर्ग में शाहिल चंद, प्रियांशु प्रभात, साहिल एवं बालिका वर्ग में शीला, काजल एवं वंदना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।400 मी० दौड़ में बालक वर्ग में साहिल, प्रियांशु प्रभात एवं सौरभ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मी० दौड़ में बालक वर्ग में साहिल, प्रियाशु प्रभात एवं शाहिला चंद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अरविंद सिंह, साहिल तथा आकाश नेगी ने क्रमशः प्रथम, द्वित्तीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में शिवानी सजवाण, काजल एवं शीला ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक प्रतियोगिता बालक वर्ग में अरविंद सिंह. संदीप खवास, साहिल एवं बालिका वर्ग में काजल, शिवानी तथा शीला ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाला फेंक प्रतियोगिता बालक वर्ग में साहिल चंद, अरविंद सिंह, साहिल एवं बालिका वर्ग में काजल, शिवानी एवं वंदना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग में साहिल चंद, ऋषभ नेगी एवं शेखर रावत तथा बालिका वर्ग में काजल, बंदना रावत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊँची कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शेखर रावत, ऋषभ नेगी एवं आकाश नेगी तथा बालिका वर्ग में काजल. शीला एवं शिवानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन बैडमिंटन, बॉलीबाल, शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता आकाश नेगी तथा रनर-अप सौरभ सिहं रहे। वॉलीबाल प्रतियोगिता विजेता टीम में अरविन्द, गौरव, प्रियाशु, विकास, साहिल चन्द तथा साहिल कुमार रहे। कैरम प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रियाशु विजेता तथा सचिन उपविजेता तथा बालिका वर्ग में शिवानी सजवाण विजेता तथा समीक्षा थ्यानी उपविजेता रहे। शतरंज प्रतियोगिता में गौरव विजेता तथा सौरभ उपविजेता रहे। महाविद्यालय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में क्रीड़ा समिति के नोडल अधिकारी डॉ० एन० एन० नौडियाल, क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्यों, महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा समस्त शैक्षणेत्तर कार्मिकों ने अपना विशेष योगदान किया। इस द्विदिवसीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अंत में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी के आशीर्वचनों के साथ खेल प्रतियोगिता कार्यकम सम्पन्न हुआ।

# देवप्रयाग महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया शुभारंभ

- 27 February 2024



टिहरी गढ़वाल 27 फरवरी। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में एवं खेल संयोजक डॉ. एम.एन. नौडियाल की अध्यक्षता में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता तथा एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित करके तथा रिबन काट के की । आज निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया : दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, गोला फेंक, चक्का फेंक और भाला फेंक आदि प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...!

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

24-फरवरी-2024

संजय कुमार राजपूत





# प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ ऑनलाइन माध्यम से 'उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों से जुड़े।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ प्रातः 10 बजे ऑनलाइन माध्यम से उच्च शिक्षा विभागन्तर्गत 'उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों से जुड़े जिसमें शोध हेतु चयनित लाभार्थियों को मा० मुख्यमत्री जी के द्वारा डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई। इस कार्यक्रम में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की युवाओं हेतु कौशल विकास योजना "गौरव" के फ्लैग ऑफ़ इवेंट, उच्च शिक्षा विभाग के साथ समझौता ज्ञापन तथा मुख्यमंत्री जी के द्वारा संवाद किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ० अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 दिनेश कुमार टम्टा, डॉ एम0एन0 नौडियाल, डॉ० शीतल वालिया, डॉ० सोनिया, डॉ० सृजना राणा, डॉ० दिनेश नेगी, डॉ0 प्रियंका, डॉ यतिन काला तथा समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

- मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति की पहली किश्त खातों में आने से छात्र छात्राओं में दिखा उत्साह

# मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति की पहली किश्त खातों में आने से छात्र छात्राओं में दिखा उत्साह

13 February 2024





टिहरी गढ़वाल 13 फरवरी। ऑंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में उत्तराखंड शासन द्वारा सत्र 2023-24 से संचालित मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 12 फरवरी 2024 को छात्रवृत्ति की प्रथम किश्त रुपए 174000 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं को हस्तांतरित की गई ।इसमेंमहाविद्यालय के कला संकाय तथा विज्ञान संकाय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई जिसमें कला संकाय में तृतीय सेमेस्टर से प्रथम स्थान वंदना रावत , द्वितीय स्थान शिवानी तथा तृतीय स्थान गीतिका चौहान ने प्राप्त किया । विज्ञान संकाय से थर्ड सेमेस्टर से सपना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं में से प्रथम स्थान गौरव , द्वितीय स्थान अनामिका तथा तृतीय स्थान ज्योति ने प्राप्त किया।इसी प्रकार एम.ए. (अर्थशास्त्र) से नेहा रावत, एम.ए. (राजनीति शास्त्र) से काजल तथा एम.ए. (हिंदी) से अनूप कुमार भट्ट ने छात्रवृत्ति प्राप्त की ।मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत महाविद्यालय से डी.बी. टी. के माध्यम से 10 छात्र छात्राओं को लाभ प्रदान किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने कहा की यह छात्रवृत्ति छात्र-छात्राओं के लिए प्रोत्साहन के साथ-साथ आर्थिक सहयोग का भी कार्य करेगी । उन्होंने महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को इस छात्रवृत्ति को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया । इसी के साथ उन्होंने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर शीतल वालिया ने कहा कि उच्च शिक्षा निदेशालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर ही छात्रवृत्ति प्रदान की गई है ।इसमें समिति के सदस्य डॉक्टर दिनेश नेगी , डॉक्टर सृजना राणा , डॉक्टर प्रतीक गोयल के अतिरिक्त श्री शौकीन सजवान और श्री संदीप ने वित्त संबंधी कार्यों में अपना सहयोग प्रदान किया ।

# ओंकारानंद सरस्वती रा० महाविद्यालय में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति ने चलाया सफाई अभियान

February 7, 2024









ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति ने चलाया सफाई अभियान।ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्र – छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम आयोजित किया ।इस हेतु महाविद्यालय में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति की संयोजक डॉ. सोनिया, डॉ. रंजू उनियाल एवं डॉ. रश्मि ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# महाविद्यालय देवप्रयाग में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

Febru… 7, 2024








Listen

आज दिनांक 7.02.24 को ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आई°क्यू°ए°सी° सेल के तत्वाधान में एवं प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पारुल रतूड़ी, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर (भौतिक विज्ञान विभाग) द्वारा युवा पीढ़ी को करियर चुनने के विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी ने करियर सम्बंधी जानकारी देते हुए बताया कि सामर्थ्य की पहचान ही एक अच्छे करियर को तलाशने का प्रमुख जरिया होता है।डॉ पारुल ने बताया की कैरियर को चुनने की प्रक्रिया के बहु-चरण हैं। इसमें कई चीजों के बारे में जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है।आपको स्वयं का प्रतिबिंब होना चाहिए, जैसे की रुचियों, योग्यता, क्षमताओं, व्यक्तिगत गुणों और वांछित जीवन शैली सहित स्वयं की समझ विकसित करना। इस तरह की सटीकता एक प्रारंभिक शुरुआत के लिए महत्वपूर्ण है जो एक संभावित कैरियर के लिए एक मजबूत नींव का आधार है।अक्सर मार्गदर्शन के अभाव के कारण करियर का गलत विकल्प हताशा और तनाव संबंधी समस्याओं के कारण होता है।कार्यक्रम के अंत में डॉ लीना पुंडीर, संयोजक, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने सबका आभार व्यक्त किया।

# ओंकारानंद सरस्वती रा० महाविद्यालय में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति ने चलाया सफाई अभियान

February 7, 2024









ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति ने चलाया सफाई अभियान।ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्र – छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम आयोजित किया ।इस हेतु महाविद्यालय में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति की संयोजक डॉ. सोनिया, डॉ. रंजू उनियाल एवं डॉ. रश्मि ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

31/1/24

# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में महात्मा गाँधी जी को दी श्रध्दांजलि

संजीव शर्मा January 30, 2024







Listen

ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा देश की रक्षा की खातिर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।


इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.प्रीति कुमारी ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता और रक्षा अमर शहीदों के कारण ही संभव है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक , कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का देखा सीधा प्रसारण

संजीव शर्मा January 29, 2024






Listen

ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज दिनाँक 29 जनवरी, 2024 को महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, प्राध्यापकों एवं स्टाफ द्वारा देखा गया ।

प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से बात की और सोश्यल मीडिया के उपयोग पर लगाम लगाने और स्ट्रेस फ्री होकर इम्तिहान देने की सलाह दी ।



पीएम ने घर में एक 'प्रौद्योगिकी मुक्त क्षेत्र' चिह्नित करने को कहा जिस से छात्र-छात्राये गैजेट की गुलामी के चंगुल से बाहर आएंगे। कार्यक्रम में समीपवर्ती ग्रामों से जागरूक अभिभावक भी उपस्थित थे और छात्र-छात्राओं का भी कार्यक्रम को ले कर रुझान सकारात्मक दिखा ।


26/1/24

समाचार

# ओंकारानंद सरस्वती रा० महाविद्यालय देवप्रयाग में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

संजीव शर्मा January 26, 2024









ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी नें ध्वजारोहण के साथ की।

राष्ट्रगान के बाद महाविद्यालय परिवार ने शौर्य दीवार पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

इसके बाद उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. सीडी सूंठा का संदेश महाविद्यालय की समारोहक डॉ सृजना राणा द्वारा पढ़कर सुनाया गया।इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी नें संविधान की प्रस्तावना की शपथ महाविद्यालय परिवार को दिलायी ।

इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ आदिल कुरैशी नें गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया की रावी नदी के तट पर 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज्य का जो संकल्प काँग्रेस अधिवेशन में लिया गया उस ऐतिहासिक दिन को याद करने के लिए गणतंत्र दिवस मनाया जाता है ।साथ ही उन्होंने संविधान निर्माण की रूपरेखा पर अपने विचार व्यक्त किए ।

प्रोग्राम के अंत में प्राचार्य प्रों प्रीति कुमारी नें सभी को ७५ वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी और देश के लिए समर्पित भाव से एवं कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया की यह दिन उन महापुरुषों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलवाने के बाद भी एक सशक्त और समृद्ध गणराज्य बनाने की राह में काम किया।

प्रोग्राम के समापन में श्रम दान किया गया।


इस अवसर पर पर सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी वर्ग तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

25/1/24

समाचार

# ओंकारानंद सरस्वती महाविद्यालय देवप्रयाग में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हुआ एक संगोष्ठी का आयोजन

राजीव शर्मा January 25, 2024



आज दिनांक 25 जनवरी 2024 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आईक्यूएसी के तत्वाधान में प्रभारी प्राचार्य डॉ दिनेश की अध्यक्षता एवं मतदाता समिति के नोडल अधिकारी डॉक्टर इलियास के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

इस संगोष्ठी में डॉ इलियास ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र छा




त्रों को अपना वोटर आईडी कार्ड बनवाना, एवं अधिक से अधिक वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ सोनिया ने बताया कि 25 जनवरी 2011 को भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई तथा 2011 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के द्वारा आज ही के दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाना घोषित कियाकिया।

इस संगोष्ठी में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, मतदाता समिति के सदस्य एवं छात्र छात्रों ने प्रतिभाग किया ।

23/12/23

समाचार

# ओंकारानंद सरस्वती रा० महाविद्यालय देवप्रयाग में चला मतदाता जागरूकता अभियान

संजीव शर्मा December 23, 2023




Listen

आज दिनांक 23/12/2023 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य प्रो. प्रीती कुमारी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

मतदाता जागरूकता समिति की सदस्य डॉ. सोनिया ने छात्र -छात्राओं को मतदान के बारे में बताया कि मतदाता जागरूक होगा तभी अच्छे प्रशासक चुने जा सकते हैं। उन्होंने 18 साल से ऊपर के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वे मतदाता कार्ड बनाएं एवं मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

इस अवसर पर जागरूकता रैली भी अयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक डॉ अर्चना धपवाल, डॉ रंजू उनियाल,डॉ लीना, डॉ सृजना राणा, डॉ प्रियंका, डॉ दिनेश कुमार, डॉ सुबोध एवं डॉ रश्मि आदि मौजूद रहे।

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का




देवप्रयाग महाविद्यालय में मंगलवार को पद और गोपनीयता की शपथ लेते छात्रसंघ चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी। ● हिन्दुस्तान


देहरादून, बुधवार, 8 नवंबर 2023 06


हिन्दुस्तान 8 नवम्बर 2023 पेज नं0 - 06

अमर उजाला

amarujala.com

देहरादून | बुधवार, 8 नवंबर 2023

6

## देवप्रयाग : सभी पदों पर एबीवीपी का कब्जा

देवप्रयाग। ओंमकारानंद राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में सभी पदों पर एबीवीपी के प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित छात्रसंघ अध्यक्ष गौरव सिंह, उपाध्यक्ष वंदना रावत, सचिव अक्षरा कोटियाल, कोषाध्यक्ष शिवानी सजवाण, सह सचिव अमीषा चौहान व विवि प्रतिनिधि अरविंद रावत बने। संवाद

अमर उजाला 8/11/2023

SUNDAY | 05.11.2023 | कार्तिक कृष्ण-अष्टमी विक्रम संवत-2080 उत्तराखंड

# अमर उजाला

देवप्रयाग। एबीवीपी की ओर से अध्यक्ष सहित सभी पदों पर नामांकन किया गया है। गौरव सिंह ने अध्यक्ष, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पर अरविंद रावत, उपाध्यक्ष वंदना रावत, महासचिव अक्षरा कोटियाल, कोषाध्यक्ष शिवानी, सहसचिव पद पर अमीषा ने नामांकन किया।

अमर उजाला दिनांक 5/11/2023

अमर उजाला
: 18 | मूल्य : सात रुपये

देहरादून
बृहस्पतिवार, 12 अक्तूबर 2023

# क्विज में ग्रुप बी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप बी प्रथम रहा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. प्रीति ने किया। उन्होंने छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। इस दौरान हुई क्विज प्रतियोगिता में चार ग्रुपों ने प्रतिभाग किया जिसमें ग्रुप बी की शिवानी, पीयूष ध्यानी, साक्षी, कंचन व ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप ए की सरस्वती, ईशा, साहिल, काजल, रीता, आंचल, गौरव सिंह, अनामिका व योगराज द्वितीय रहे। ग्रुप सी की प्रीति, गुड़िया, दीक्षा, प्रिया, कोमल, सलोनी व रूकमा ने तृतीय स्थान पाया। संवाद

बृहस्पतिवार 12 अक्टूबर - 2023

# छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से बताए पहाड़ी व्यंजनों के फायदे

## गढ़वाल भर के स्कूल-कॉलेज में मनाया गया गढ़भोज दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रीनगर।** नर्सिंग कॉलेज डोभ-श्रीकोट के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से पारंपरिक व्यंजनों की पौष्टिकता, गुणवत्ता को बताया।

छात्र-छात्राओं ने जनता इंटर कॉलेज जामणाखाल में गढ़भोज दिवस मनाया। वहीं उप जिला अस्पताल श्रीनगर में अस्पताल में भर्ती मरीजों ने गढ़भोज मिलने पर खुशी जताई। प्रभारी सीएमएस डॉ. हेमा पाल बुटोला ने कहा कि शासन की ओर से अस्पतालों में मरीजों को गढ़भोज उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश प्राप्त हुए थे।

**नई टिहरी/नरेंद्रनगर/थत्यूड़।** पीजी कॉलेज में गृह विज्ञान, मानव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से गढ़भोज दिवस मनाया गया।

शनिवार को प्रो. डीपीएस भंडारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। फसलों की-विशेषता पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में दीक्षा खंडवाल प्रथम व निकिता द्वितीय और जेसमीन तृतीय रही।

थत्यूड़ महाविद्यालय में डॉ. संगीता सिदोला के निर्देशन में गढ़भोज दिवस मनाया गया। निबंध प्रतियोगिता में शीतल प्रथम, सानिया द्वितीय और आंचल तृतीय रही। पारंपरिक व्यंजन में शीतल और यशोदा की टीम प्रथम, नीतू व साक्षी द्वितीय और मीरा तृतीय रही। नरेंद्रनगर महाविद्यालय में गढ़भोज दिवस पर प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार उभान, डॉ. सोनी तिलारा, मीना चौहान मौजूद थे।

**देवप्रयाग।** आईक्यूएसी व हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में औषधीय गुणों से भरपूर फसलों के उत्पादन पर गोष्ठी आयोजित की गई।

**पौड़ी।** व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी में गढ़भोज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. एस कोठियाल ने किया। इस दौरान हुई भाषण प्रतियोगिता में कंचन प्रथम, खुशबू द्वितीय व रितिका तृतीय रही।

**उत्तरकाशी।** पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में दीप सिंह पंवार ने मोटे अनाजों के महत्व के बारे में बताया। प्रो. मधु थपलियाल ने बताया कि गढ़भोज का नाम द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने दिया। पुरोला में पीजी कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय में भी आयोजन हुआ।

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज में भूगोल विभाग की प्राध्यापक डॉ. नेहा तिवारी के नेतृत्व में साहिबा, किरन, मोनिका, निधि, शिवानी, सपना, सारिका, सपना, मेघना, संतोषी, सुमन ने पहाड़ी व्यंजन बनाए। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने उत्तराखंडी भोजन की जानकारी दी।

रविवार 8, अक्टूबर - 2023

amarujala.com
अमर उजाला
देहरादून | बृहस्पतिवार, 21 सितंबर 2023
5

# पोस्टर में अजय सिंह बने विजेता

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय में कौशल विकास समिति व आईक्यूएसी (इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल) की ओर से नांदी फाउंडेशन की ओर से छह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान हुई पोस्टर प्रतियोगिता में अजय सिंह चौहान विजेता बने।

कार्यशाला में प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने कहा छात्रों की प्रतिभा को निखारने में इस तरह के आयोजन बहुत ही लाभदायक हैं। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि यह कौशल एवं व्यक्तित्व विकास का कार्यक्रम विद्यार्थियों को नए लक्ष्य हासिल करने में मददगार होगा। संयोजक डॉ. प्रतीक गोयल ने कहा कि व्यक्ति स्किल बढ़ा कर जीवन आसान कर सकता है। डॉ. सृजना राणा ने छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण का महत्व बताया।

इस दौरान हुई पोस्टर प्रतियोगिता में अमीषा चौहान द्वितीय, अनामिका तृतीय रही। संवाद

अमर उजाला बृहस्पतिवार 21 सितम्बर 2023

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
26-अगस्त-2023

संजय कुमार राजपूत




# प्रो० प्रीति कुमारी ने स्थायी रूप से ग्रहण किया प्राचार्य का पदभार

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर से धारणाधिकार अवधि में वापस आयी प्रो0 प्रीति कुमारी को राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में प्राचार्य पद 9 जनवरी 2023 को संबद्ध किया गया था। आज दिनांक 25 अगस्त 2023 को प्रो० प्रीति कुमारी ने राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में प्राचार्य पद पर स्थायी तैनाती ग्रहण की। उन्होने महाविद्यालय के चौमुखी विकास पर कार्य करने का संकल्प दोहराया एवं सबको साथ लेकर आगे बढ़ने की कामना की।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

अमर उजाला पौड़ी-श्रीनगर

देहरादून | बुधवार, 23 अगस्त 2023 4

## नेट परीक्षा के बारे में जानकारी दी

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय में कॅरिअर एंड प्लेसमेंट सेल व आईक्यूए द्वारा 'नेट परीक्षा की उच्च शिक्षा में भूमिका' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता सहायक प्रोफेसर मोहम्मद आदिल कुरैशी ने यूजीसी की ओर से नेट परीक्षा में किए गए बदलावों की जानकारी दी। कहा कि विश्वविद्यालयों में पीएचडी की पात्रता खत्म की गई है लेकिन नेट अनिवार्य है। नेगेटिव मार्किंग खत्म कर दी गई है। पहले एक ही प्रश्नपत्र ढाई घंटे का होता था लेकिन अब 3-3 घंटे के दो प्रश्नपत्र हैं। प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने कार्यशाला को सभी के लिए सार्थक व उपयोगी बताते हुए डा. कुरैशी को प्रशस्तिपत्र दिया। संवाद

अमर उजाला 23 अगस्त बुधवार

अमर उजाला | चमोली-रुद्रप्रयाग-पौड़ी
देहरादून | बृहस्पतिवार, 17 अगस्त 2023 | 5

## वीर नारियों को किया सम्मानित

श्रीनगर/देवप्रयाग। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शहीद पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर 15 शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। एसडीएम नूपुर वर्मा ने गोला पार्क में तिरंगा फहराया। एनआईटी के अस्थायी परिसर श्रीनगर गढ़वाल में कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक प्रो. ललित अवस्थी ने किया। निदेशक ने क्षेत्र के 14 पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को सम्मानित किया। एनआईटी की बीओजी के चेयरमैन डॉ. आरके त्यागी ने 200 छात्रों की क्षमता वाले दो छात्रावासों का लोकार्पण ऑनलाइन किया। मेडिकल कॉलेज में पर्यावरणविद जगत सिंह चौधरी जंगली को सम्मानित किया गया। गढ़वाल विवि में बिड़ला परिसर से प्रशासनिक भवन तक तिरंगा रैली व झांकी निकाली गई। कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने तिरंगा फहराया। वहीं केंद्रीय संस्कृत विवि के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग, ओमकारानन्द राजकीय महाविद्यालय, जीआईसी, प्राथमिक विद्यालय तहसील, सरस्वती मंदिर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। संवाद

अमर उजाला, बृहस्पतिवार, 17 अगस्त
पृष्ठ संख्या – 5

अमर उजाला श्रीनगर-टिहरी amarujala.com

# 'श्रीदेव सुमन के बलिदान से युवा पीढ़ी को कराएं रूबरू'

## शहादत दिवस पर विभिन्न संगठनों ने किया टिहरी जनक्रांति के नायक को याद, बेड़ियों के किए दर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई टिहरी/ चंबा।** टिहरी जनक्रांति के नायक श्रीदेव सुमन के शहादत दिवस पर विभिन्न संगठनों ने भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके बलिदान से युवा पीढ़ी को रूबरू कराने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला कारागार आम लोगों के लिए खुला रहा। स्थानीय लोगों ने जेल परिसर में रखी गई श्रीदेव सुमन की बेड़ियों के दर्शन करते हुए उनके संघर्ष को याद किया।

विधायक किशोर उपाध्याय, डीएम मयूर दीक्षित, सीडीओ मनीष कुमार समेत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिला कारागार में सुमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर



नई टिहरी में पदयात्रा निकालते विभिन्न संगठनों के लोग। संवाद

श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि राजशाही के खात्मे के लिए उनका योगदान हमेशा याद रहेगा। डीएम दीक्षित ने कहा, नई पीढ़ी को उनके संघर्ष पर जरूर शोध करना चाहिए। श्रीदेव सुमन की स्मृति में प्रताप इंटर कॉलेज समेत आसपास के 5100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर प्रभारी जेलर रामेश्वर राणा, डीडीओ सुनील कुमार, एसडीएम अपूर्वा सिंह, आशीष घिल्डियाल मौजूद रहे।

**श्रीनगर/कीर्तिनगर/देवप्रयाग।** श्रीनगर, कीर्तिनगर और देवप्रयाग के विभिन्न विद्यालयों, संस्थानों, विभागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय देवप्रयाग में विचार गोष्ठी हुई।

**उत्तरकाशी/ रुद्रप्रयाग।** हनुमान चौक स्थित अमर शहीद श्रीदेव सुमन की मूर्ति पर विधायक सुरेश चौहान, डीएम अभिषेक रूहेला, सीडीओ गौरव कुमार, पालिकाध्यक्ष रमेश सेमवाल ने माल्यार्पण किया। नगर पालिका बड़कोट के सभागार में सुमन दिवस पर श्रीदेव सुमन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। श्रीदेव सुमन विवि के छात्र महासंघ अध्यक्ष देवराज बिष्ट ने श्री देव सुमन की स्मृति में उत्तरकाशी महाविद्यालय को पंखे भेंट किए। रुद्रप्रयाग में प्राथमिक विद्यालय चमेली में विशेष कार्यक्रम हुआ।

**गोपेश्वर/पोखरी।** पीजी कॉलेज पोखरी में गोष्ठी हुई। जीआईसी मैठाणा में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र मौजूद रहे।

### पैतृक गांव जौल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

श्रीदेव सुमन के पैतृक जौल गांव में स्थानीय लोगों ने उन्हें याद करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जबकि विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बलिदान दिवस को लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाते हुए सुमन पार्क से जिला जेल तक पदयात्रा, झांकी निकाल कर बौराड़ी मिलन केंद्र में गोष्ठी आयोजित की। जवाहर नवोदय विद्यालय पौखाल, होटल मैनेजमेंट संस्थान नई टिहरी और धर्मानंद उनियाल नरेंद्रनगर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रीदेव सुमन को याद कर श्रद्धांजलि दी गई।

### विवि के पाठ्यक्रमों में होगा जीवन परिचय

श्रीदेव सुमन विवि बादशाहीथौल में आयोजित व्याख्यान माला में कुलपति प्रो. एके जोशी ने कहा कि उत्तराखंड वीरों की धरती है। कहा कि विवि परिसर में कार्मिक एवं फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर का निर्माण किया जाएगा। विवि के पाठयक्रमों में श्रीदेव सुमन का जीवन परिचय और बलिदान की गाथा को शामिल किया जाएगा। इस मौके पर कुलसचिव खेमराज भट्ट, सोमवारी लाल सकलानी, वीरेंद्र नेगी मौजूद थे। संवाद

अमर उजाला, दिनांक, 26 जुलाई 2023 बुधवार, पृ०सं०-4

SUNDAY | 09.07.2023 | हिन्दी दैनिक उत्तराखंड
अमर उजाला
D वर्ष 27 । अंक 134 । पृष्ठ : 20 । मूल्य : सात रुपये देहरादून • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

# देवप्रयाग कॉलेज में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 12 से

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग ने बीए एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने बताया कि अब तक कला संकाय के लिए 42, विज्ञान संकाय के लिए 19 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

नोडल अधिकारी डॉ. एमएन नौडियाल ने बताया कि मेरिट लिस्ट तैयार कर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की है। 12 जुलाई को विज्ञान संकाय के मैथ एवं बायो ग्रुप, 13 को कला संकाय के वरीयता सूची क्रमांक एक से 20 तक तथा 14 को कला संकाय के क्रमांक 21 से 42 तक की काउंसिलिंग की जाएगी। संवाद

अमर उजाला, दिनांक - 9 जुलाई 2023, रविवार पृ० सं० - 11

डिग्रीकालेज

अमर उजाला

देहरादून
शनिवार, 8 जुलाई 2023
प्रथम श्रावण कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2080

# महाविद्यालय के लिए 3.5 करोड़ स्वीकृत हुए

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में संचालित विज्ञान संकाय भवन निर्माण के लिए शासन ने तीन करोड़ 56 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। एक करोड़ 42 लाख 40 हजार की प्रथम किस्त अवमुक्त कर दी गई है।

विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि महाविद्यालय में वर्षों से भवनों की कमी थी। अब शासन ने भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृत कर पहली किस्त जारी कर दी है। संवाद

अमर उजाला, दिनांक - 8 जुलाई 2023, शनिवार, पृ० सं० - 9

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...!

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

06-जुलाई-2023

संजय कुमार राजपूत



# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी के निर्देशन में किया वृक्षारोपण।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज पर्यावरण प्रकोष्ठ एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में महाविद्यालय की प्रार्चाय प्रोफेसर प्रीति कुमारी के निर्देशन में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया तथा महाविद्यालय में स्वच्छ परिसर हरित परिसर योजनान्तर्गत महाविद्यालय परिसर की वाटिका का कूड़ा निस्तारण किया।इस कार्यक्रम को आयोजित करवाने में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति की संयोजक डॉ.सोनिया कौशिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा डॉ.अर्चना धपवाल डॉ.दिनेश कुमार, डॉ.एम.एन.नौडियाल, डॉ दिनेश नेगी, डॉ.सृजना राणा, डॉ रंजू उनियाल, अर्जुन, सूरज, संदीप , टीकाराम ने सहयोग किया।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960